राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/शिक्षा/2026/

दिनांकः

अति–आवश्यक सूचना (बी.एड. परीक्षा, 2026)

राजस्थान विश्वविद्याय की बी.एड. परीक्षा–2026 जो कि दिनांक 18.05.2026 से प्रारंभ हो रही है, जिसकी समय सारणी विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर प्रसारित कर दी गई थी तथा प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निम्न बिन्दुओं की पूर्णतः पालना अनिवार्य हैंः–

1. विश्वविद्यालय अध्यादेश–323 के अन्तर्गत बी.एड. पार्ट– प्रथम/द्वितीय में प्रशिक्षणार्थी को न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि 80% सम्पूर्ण कोर्स वर्क एवं प्रेक्टिकल (All course work and Practical) तथा School Internship कार्यक्रम में 90% उपस्थिति पूर्ण करना अनिवार्य है।
2. जिन प्रशिक्षणार्थियों ने परीक्षा–2025 में सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक कोई भी एक परीक्षा उत्तीर्ण करली है, उन प्रशिक्षणार्थियों को परीक्षा–2026 में प्रायोगिक/आंतरिक तथा सैद्धांतिक दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
3. ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिन्होंने ऑनलाईन परीक्षा आवेदन कर दिया है लेकिन महाविद्यालय से समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित होकर विश्वविद्यालय में जमा नहीं हुआ हैं, ऐसे प्रशिक्षणार्थी को परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।
4. प्रशिक्षणार्थी की परीक्षा में प्रविष्ट होने की योग्यता की जांच महाविद्यालय तथा प्रशिक्षणार्थी स्वयं के स्तर पर करना सुनिश्चित करें।

किसी प्रकार के तकनीकी नियम संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय समय में विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन कमरा नं. 131 तथा कमरा नं. 133 में अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सम्पर्क कर सकते हैं।

ह०
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/शिक्षा/2026/ 1155-66

दिनांकः 13/5/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त सभी बी.एड. महाविद्यालय।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. निजी सचिव, कुलगुरु/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को महाविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने एवं संबंधित महाविद्यालयों को ईमेल भी करने का श्रम करें।

13/5/26
सहायक कुलसचिव
(परीक्षा 5–अ)